समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# RITES मे नौकरी का शानदार मौका, जाने कब तक कर सकते है आवेदन, इतनी मिलेगी सैलरी।

Publisher

Published on 03 May 2025




**अगर आप नौकरी की तलाश मे है तो ये खबर आपके लिए बेहद ही काम की है. राइट्स इंडिया की तरफ से 14 पदों पर भर्ती निकाली गई है. जिनके लिए उम्मीदवार आवेदन कर सकते है.**

इस भर्ती के जरिए **राइट्स इंडिया मे कुल 14 पद** भरे जाएंगे. इनमें **फील्ड इंजीनियर** व अन्य पद शामिल हैं. अभियान के जरिए **फील्ड इंजीनियर के 6, साइट एसेसर के 6, इंजीनियर (अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग) के 2 पद** भरे जाएंगे. भर्ती के लिए आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को आधिकारिक वेबसाइट rites.com पर जाना होगा.

**RITES** की इस भर्ती के लिए आवेदन करने के लिए प्रोसेस **30 अप्रैल** शुरू हो गई है. इच्छुक और पात्र उम्मीदवार भर्ती के लिए 20 मई तक आवेदन कर सकते हैं.भर्ती के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास पद के अनुसार योग्यता होनी चाहिए. जिसे आप आधिकारिक साइट पर जाकर चेक कर सकते हैं.

भर्ती के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की अधिकतम उम्र 40 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए. जबकि रिजर्व्ड कैटेगरी के उम्मीदवारों को अधिकतम उम्र में छूट मिलेगी.अप्लाई करने वाले कैंडिडेट्स को आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा. उम्मीदवारों को 300 रुपये का शुल्क अदा करना होगा. जबकि रिजर्व्ड कैटेगरी से आने वाले उम्मीदवारों को किसी भी तरह का शुल्क नहीं देना होगा.

आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा. इंजीनियर पद के लिए इंटरव्यू होगा. सैलरी की बात करें तो 13 हजार 802 रुपये से लेकर 14 हजार 643 रुपये उम्मीदवार को मिलेंगे.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.